# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
सीआईएन: L24292TG1970GOI001353
निगम कार्यालय : प्लाट नं. 38-39, टी एस एफ सी बिल्डिंग, आई सी आई सी आई टॉवर्स के पास
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500032.
पंजीकृत कार्यालय : कंचनबाग, हैदराबाद - 500058
दूरभाष : 040-23456145; फैक्स : 040-23456110
ई-मेल : investors@bdl-india.in; वेबसाइट : https://bdl-india.in

संदर्भ: बीडीएल/सी एस/2026/एसई-34 दिनांक: 09/07/2026

| | |
|---|---|
| सेवा में,<br>अनुपालन विभाग<br>दि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाज़ा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),<br>मुंबई - 400051<br>स्क्रिप कोड – बीडीएल | सेवा में,<br>अनुपालन विभाग<br>बी एस ई लिमिटेड,<br>फिरोज़ जीजीबॉय टॉवर,<br>दलाल स्ट्रीट, मुंबई - 400001<br>स्क्रिप कोड – 541143 |

विषय : श्री शैलेश वगेरवाल (डी आई एन:11362136) का भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में।

दिनांक 19/06/2026 की हमारी पत्र सं. बीडीएल/सी एस/2026/एसई-30 का संदर्भ लें। इस संबंध में, सहर्ष सूचित किया जाता है कि श्री शैलेश वगेरवाल ने आज यानी दि. 09 जुलाई 2026 से बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

श्री शैलेश वगेरवाल का संक्षिप्त परिचय संलग्न है।

संलग्नक: यथोपरि।

कृते: भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(एन. नागराजा)
कंपनी सचिव

दिनांक 13 जुलाई 2023 के सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी1/पी/परि./2023/123 के अनुसार सूचना का प्रकटीकरण।

| क्र.सं. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1 | परिवर्तन का कारण जैसे, नियुक्ति, ~~इस्तीफ़ा, हटाना, मृत्यु या कोई और कारण~~ | दिनांक 18.06.2026 की रक्षा मंत्रालय की पत्र संख्या डीडीपी-एम0001(24)/1/2026-डी(बीडीएल) के अनुसार सीएमडी के रूप में कार्यभार ग्रहण। |
| 2 | नियुक्ति की तिथि और नियुक्ति की अवधि | श्री शैलेश वगेरवाल ने दि. 09 जुलाई 2026 से कंपनी के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। |
| 3 | संक्षिप्त परिचय | श्री शैलेश वगेरवाल का संक्षिप्त परिचय संलग्न है। |
| 4 | निदेशकों के बीच आपसी संबंध का प्रकटीकरण | कोई नहीं |
| 5 | दि. 20 जून, 2018 के एक्सचेंज के परिपत्र के साथ पढ़े जाने वाली दि. 18 जून, 2018 के सेबी के परिपत्र के अनुपालन की पुष्टि | श्री शैलेश वगेरवाल को सेबी के किसी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा पद संभालने से रोका नहीं गया है। |

**संक्षिप्त परिचय**

श्री शैलेश वगेरवाल ने बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया



**श्री शैलेश वगेरवाल** ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आई ओ एफ एस) के एक प्रतिष्ठित अधिकारी श्री वगेरवाल को रक्षा विनिर्माण में लगभग तीन दशकों का समृद्ध और विविध कार्य-क्षेत्रों का विस्तृत अनुभव प्राप्त है।

श्री वगेरवाल ने एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त की है। आगे, इन्होंने क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम से विस्फोटक आयुध इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री भी हासिल की है।

रक्षा निर्माण में अपने उत्कृष्ट कैरियर के दौरान, इन्होंने आयुध निर्माणी, दमदम, आयुध निर्माणी, इटारसी, आयुध निर्माणी, खमरिया और रक्षा उपक्रम म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के निगम कार्यालय पुणे में कई प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएँ दीं।

पिछले कई वर्षों में श्री वगेरवाल ने गोला-बारूद और विस्फोटक उत्पादन, प्रशासन, रणनीतिक योजना, सामग्री प्रबंधन, गुणता आश्वासन, संयंत्र और मशीनरी की खरीद, परियोजना प्रबंधन, सिविल कार्य, अनुसंधान एवं विकास, निर्यात और संव्यवहार विकास, मानव संसाधन प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में गहन विशेषज्ञता हासिल की है।

बीडीएल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद का कार्य-भार ग्रहण करने से पहले इन्होंने म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई, आयुध निर्माणी, खमरिया, जबलपुर में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएँ दीं।

***